वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

वित्तीय सेवा विभाग में दिसंबर, 2023 माह के दौरान महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नानुसार हैं:

i. माननीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 30.12.2023 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, एनएआरसीएल और आईडीआरसीएल के प्रमुखों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। दिवाला और आशोधन अक्षमता संहिता के तहत विभिन्न चरणों में लंबित मामलों और एनएआरसीएल द्वारा अशोध्य ऋण प्राप्त करने के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई।

ii. वित्तीय धोखाधड़ी मामलों में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए 08 दिसंबर, 2023 को सीबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के केंद्रीय सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) और वित्तीय संस्थानों के प्रमुखों के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

iii. बैंकों द्वारा सेवा वितरण और शिकायत निवारण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए ग्राहक संतुष्टि पर व्यापक बैठक 22 दिसंबर, 2023 को आयोजित की गई थी। कुछ बैंक द्वारा पहले से ही की गई कुछ अच्छी पहलों पर भी चर्चा साहित बैंकों के लिए अपनी ग्राहक से संबंधित सेवा को बढ़ाने के लिए उपलब्ध अवसरों पर चर्चा की गई।

iv. पीएसबी, नाबार्ड के प्रमुखों और एसएलबीसी के संयोजकों के साथ चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में बैंकों और नाबार्ड की भागीदारी की निगरानी के लिए कई समीक्षा बैठकें आयोजित की गई।

v. बीमा क्षेत्र में दावा निपटान,बीमा पैठ, डिजाइनिंग, नए उत्पादों को लाने आदि के संबंध में मौजूदा मुद्दों का समाधान करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 19 दिसंबर, 2023 को इंडिया इंश्योरटेक एसोसिएशन (260+ सदस्यों के साथ बीमा क्षेत्र के डिजिटल परिवर्तन की गति को बढ़ाने के लिए समर्पित संगठन) के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी।

vi. सचिव (डीएफएस) ने जम्मू-कश्मीर की 12वीं संघ राज्य क्षेत्र-स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता की जिसमें संघ राज्य क्षेत्र के वार्षिक क्रेडिट योजना 2023-24 की समीक्षा की गई। बैठक में केंद्र सरकार के मंत्रालयों/एमएसएमई और एमएसडीई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

vii. 23 दिसंबर, 2023 को सिडबी के अध्यक्ष और ट्रांसयूनियन सिबिल, आईएसपीआईआरटी आदि के प्रतिनिधियों के साथ जीएसटी सहाय, चालान-आधारित ऋण प्रणाली पर एक बैठक आयोजित की गई थी। एमएसएमई क्षेत्र जिसमे बिना क्रेडिट इतिहास वाले शामिल है,को उधार देने के लिए अन्य आकड़ों सहित क्रेडिट उत्पाद की समझ, उपलब्ध जीएसटी से संबंधित आकड़े  का उपयोग, एए ढांचे के माध्यम से बैंकिंग आकड़े पर विचार-विमर्श किया गया। छोटे उधमियों (एमएसएमई) को ऋण देने के लिए जीएसटी सहाय की उपयोगिता के बारे में बताया गया और इसके दूरगामी कार्यान्वयन के लिए चर्चा की गई।

viii. सचिव (डीएफएस) ने दिसंबर 2023 के महीने में निम्नलिखित बैंकिंग और वित्त संबंधी फोरम में भाग लिया और उन्हें संबोधित किया:

(क) 08 दिसंबर, 2023 को भारत मंडपम में आयोजित एग्जिम बैंक के अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक अनुसंधान वार्षिक (आईईआरए) प्रशस्ति समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन भाषण दिया।

(ख) 12 दिसंबर, 2023 को वैश्विक समावेशी वित्त शिखर सम्मेलन के 20वें संस्करण में "वित्त का भविष्य - सभी के लिए समावेशी और समान विकास" पर उद्घाटन भाषण दिया।

(ग) "Building a resilient Brand India amidst global uncertainty" विषय पर 10वें एसबीआई बैंकिंग और अर्थशास्त्र कॉन्क्लेव में मुख्य भाषण दिया।

ix. अन्य नियमित उपायों और महत्वपूर्ण गतिविधियों का विवरण इसके साथ संलग्न है।

संलग्न: यथोक्त

**अनुबंध**

**वित्तीय सेवाएं विभाग के अन्य नियमित कार्यकलाप**

1. प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रगति :

| **योजनाएं** | **दिनांक 20.12.2023 की स्थिति के अनुसार उपलब्धियां (योजना को आरंभ किए जाने से लेकर)** | **वित्तीय वर्ष 2023-24 में वृद्धि (दिनांक 20.12.2023 की स्थिति के अनुसार)** | **दिसम्बर, 2023 में वृद्धि (दिनांक 20.12.2023 तक)** |
|---|---|---|---|
| प्रधानमंत्री जन धन योजना **(पीएमजेडीवाई)**<br>● पीएमजेडीवाई खातों की संख्या<br>● जमाराशि<br>● रूपे कार्ड की संख्या | 51.25 करोड़<br>2,11,227 करोड़ रूपये<br>34.80 करोड़ | 2.59 करोड़<br>12,382.57 करोड़ रूपये<br>1.86 करोड़ | 20 लाख (13 लाख ग्रामीण + 7 लाख शहरी)<br>2371.65 करोड़ रूपये<br>12.48 लाख |
| प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना **(पीएमएसबीवाई)**<br>● नामांकन<br>● संवितरित दावों की संख्या | 41.79 करोड़<br>1,27,239 | 8.02 करोड़<br>11,945 | 48 लाख<br>953 |
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना **(पीएमजेजेबीवाई)**<br>● नामांकन<br>● संवितरित दावों की संख्या | 18.86 करोड़<br>7,25,559 | 2.86 करोड़<br>65,176 | 22 लाख<br>4,860 |
| अटल पेंशन योजना (**एपीवाई**) (31.12.2023) | 6.10 करोड़ | 89.65 लाख | 12.92 लाख |

**प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)**

| | **योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (दिनांक 15.12.2023 तक की स्थिति के अनुसार)** | | **वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान (दिनांक 15.12.2023 तक)** | | **दिसम्बर, के दौरान (दिनांक 15.12.2023 तक)** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **खातों की संख्या (करोड़ में)** | **राशि (लाख करोड़ रुपए में)** | **खातों की संख्या (करोड़ में)** | **राशि (लाख करोड़ रुपए में)** | **खातों की संख्या (करोड़ में)** | **राशि (लाख करोड़ रुपए में)** |
| शिशु | 36.79 | 10.25 | 2.54 | 0.88 | 0.29 | 0.10 |
| किशोर | 7.19 | 9.86 | 1.09 | 1.29 | 0.13 | 0.14 |
| तरूण | 0.91 | 6.32 | 0.09 | 0.78 | 0.01 | 0.07 |
| कुल | 44.89 | 26.43 | 3.72 | 2.95 | 0.43 | 0.31 |
| एससी/एसटी/ओबीसी (कुल सं. में शामिल) | 22.89 | 9.31 | 1.978 | 1.15 | 0.23 | 0.13 |
| महिलाएं (कुल में से) | 30.90 | 11.95 | 2.65 | 1.36 | 0.26 | 0.14 |

**स्टैण्ड अप इंडिया (एसयूआई)**

| | **योजना को आरंभ किए जाने से लेकर (दिनांक 26.12.2023 तक की स्थिति के अनुसार)** | | **वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान (दिनांक 26.12.2023 तक)** | | **दिसम्बर, 2023 के दौरान (दिनांक 26.12.2023 तक)** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **खातों की संख्या** | **राशि (करोड़ रुपए में)** | **खातों की संख्या** | **राशि (करोड़ रुपए में)** | **खातों की संख्या** | **राशि (करोड़ रुपए में)** |
| अजा. | 33,809 | 7,154.92 | 5,147 | 1,109.06 | 450 | 101.58 |
| अजजा. | 11,453 | 2,460.98 | 1,966 | 406.28 | 147 | 28.59 |
| महिलाएं | 1,67,107 | 38,193.03 | 18,383 | 4,084.06 | 1,106 | 249.94 |
| **कुल** | **2,12,369** | **47,808.93** | **25,496** | **5,599.40** | **1,703** | **380.11** |

2. **किसान क्रेडिट कार्ड विशेष परिपूर्णता अभियान:** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना के अंतर्गत पीएम-किसान लाभार्थियों, डेयरी किसानों और मछुआरों सहित किसानों को केसीसी के माध्यम से रियायती ऋण उपलब्ध कराया जाता है। बैंकों और अन्य हितधारकों द्वारा किसानों को किफायती ऋण प्रदान करने की दिशा में निरंतर और ठोस प्रयासों के परिणामस्वरूप, 22 दिसम्बर, 2023 की स्थिति के अनुसार, 5,64,977 करोड़ रुपए की स्वीकृत ऋण सीमा के साथ केसीसी योजना के अंतर्गत 461.81 लाख किसानों (पशुपालन और डेयरी किसानों तथा मछुआरों सहित) को कवर करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई है। विगत वर्षों में केसीसी लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए कई अभियान चलाए गए हैं। 1 मई, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक के लिए अभियान फिर से शुरू किया गया है। 15 दिसम्बर, 2023 की स्थिति के अनुसार, 2,20,896 शिविर लगाए गए हैं और इस विशेष साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत कुल 20,49,686 केसीसी स्वीकृत किए गए हैं।

3. **कृषि के लिए ऋण प्रवाह:** वर्ष 2023-24 में कृषि ऋण का लक्ष्य 20.00 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। कुल लक्ष्य की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30 *नवम्बर, 2023* तक उपलब्धि 16.15 लाख करोड़ रुपये है, जो लक्ष्य का 81% है।

4. **अकाउंट एग्रीगेटर:** दिनांक 27.12.2023 की स्थिति के अनुसार, 57 वित्तीय संस्थाओं (एफआई) ने वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) के रूप में, 268 एफआई ने वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) के रूप में तथा 88 एफआई ने एफआईपी तथा एफआईयू दोनों के रूप में कार्य करना आरंभ किया है। 1.94 बिलियन पात्र बैंक खातों (जिसमें 1.52 बिलियन बैंक खाते शामिल हैं) में से 37.8 मिलियन उपयोगकर्ताओं ने अपने खाते को एए ढांचे से संबद्ध किया है तथा ग्राहकों की सहमति से एए ढांचे के माध्यम से 39.1 मिलियन आंकड़े सफलतापूर्वक साझा किए गए हैं।

5. **पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि):** दिनांक 31.12.2023 की स्थिति के अनुसार 10,769.90 करोड़ रुपये की राशि के कुल 81.27 लाख ऋण आवेदन स्वीकृत किए गए हैं, इनमें से 76.78 लाख ऋण आवेदनों के संबंध में 10,138.64 करोड़ रुपये की राशि संवितरित की गई है।

6. **खातों को आधार से जोड़ना:** दिनांक 22.12.2023 की स्थिति के अनुसार, 166.97 करोड़ कासा खातों में से, 145.64 करोड़ खातों (87.2%) को आधार से जोड़ दिया गया है।

7. **पीएमजेडीवाई खाताधारकों का बीमा कवरेज:** पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 6.07 करोड़ और 14.52 करोड़ पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है, इनमें से दिसम्बर, 2023 (दिनांक 20.12.2023 तक) के दौरान पीएमजेजेबीवाई और पीएमएसबीवाई के अंतर्गत क्रमशः 2.90 लाख और 7.72 लाख पीएमजेडीवाई खाताधारकों का नामांकन किया गया है।

*******